# 6 मैचों में बड़े रोमांचक उलटफेर



**टेक्सास, 28 जून. लो सेल्सो, लाउतारो मार्टिनेज और लियोनेल मेसी के एक-एक गोलों की बदौलत अर्जेंटीना ने जॉर्डन को 3-1 से हराकर ग्रुप चरण में शानदार रिकॉर्ड के साथ नॉकआउट में जगह बना ली है. जहां उसका मुकाबला केप वर्डे से होगा.**

डलास स्टेडियम में रविवार को खेले गये रोमांचक मुकाबले में अल्बिसेलेस्टे (अर्जेंटीना टीम) को तीन सेट-पीस का फायदा मिला. लो सेल्सो ने 19वें मिनट में पेनल्टी एरिया के ठीक बाहर से शानदार फ्री-किक मारकर टीम का खाता खोलकर स्कोर 1-0 कर दिया. इसके बाद अल्वारेज के खिलाफ फाउल की वजह से 31वें मिनट में लाउतारो मार्टिनेज को आधे घंटे के खेल के बाद पेनल्टी स्पॉट से बढ़त को दोगुना करने का मौका मिला. हालांकि, हाफ-टाइम में सेलामी के बदलावों से जॉर्डन की किस्मत बदली, अल मार्दी और हद्दाद ने अल तमारी के साथ मिलकर अच्छा तालमेल बिठाया और मैच खत्म होने से 35 मिनट पहले खेल में वापसी की. लेकिन वे अपनी वापसी पूरी नहीं कर पाए, क्योंकि मेसी ने अपने ट्रेडमार्क फ्री किक से टीम को जरूरी बढ़त दिला दी. गेंद निचले कोने में चली गई और गोलकीपर अबुलाइला अपनी जगह से हिल भी नहीं पाए. जॉर्डन ने दूसरे हाफ में ज़बरदस्त खेल दिखाया और हाफ-टाइम तक दो गोल से पिछड़ने के अंतर को आधा कर दिया, लेकिन मेसी के

## क्रोएशिया ने घाना को 2-1 से हराया



**फिलाडेल्फिया.** क्रोएशिया ने अपने आखिरी ग्रुप एल मैच में घाना पर 2-1 से शानदार जीत हासिल करके फीफा विश्वकप के 'राउंड ऑफ 32' में जगह पक्की कर ली. इस जीत के साथ उसने ग्रुप में दूसरा स्थान हासिल किया. लिंकन फाइनेंशियल फील्ड में रविवार को खेले गये मुकाबले में मिली इस जीत के साथ क्रोएशिया के तीन मैचों में सात अंक हो गए, जो इंग्लैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहने के लिए काफी थे. इंग्लैंड ने ग्रुप एल के दूसरे मैच में पनामा को 2-0 से हराया था.

## उज्बेकिस्तान को हराकर डी आर कांगो नॉकआउट में पहुंचा



**अटलांटा.** डीआर कांगो ने फीफा विश्वकप 20226 के ग्रुप के मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए उज्बेकिस्तान को 3-1 से हराया. इस जीत के साथ ही कांगो ने राउंड ऑफ 32 में अपनी जगह पक्की की. रविवार को मर्सिडीज-बेंज स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में हाफटाइम में एल्डोर शोमुरोदोव के शानदार शुरुआती गोल से पिछड़ने के बाद, अफ्रीकी टीम ने ब्रेक के बाद दृढ़ संकल्प और आक्रामक इरादे के साथ वापसी की. योआने विसा ने दो गोल किए, जिसमें स्टॉपेज-टाइम में किया गया एक शानदार गोल भी शामिल था, जबकि फिस्टन मायेले ने निर्णायक गोल करके यादगार वापसी पूरी की. इस जीत ने डीआर कांगो को नॉकआउट चरण में पहुंचा दिया, जहां उनका मुकाबला इंग्लैंड से होगा, जबकि उज़्बेकिस्तान लगातार तीसरी हार के बाद बिना किसी अंक के टूर्नामेंट से बाहर हो गया. उज्बेकिस्तान ने धमाकेदार शुरुआत की और लगभग पहले ही मिनट में गोल कर दिया था, जब शोमुरोदोव ने करीब से शॉट मारा, लेकिन ऑफसाइड होने के कारण गोल को अमान्य करार दिया गया.

## ऑस्ट्रिया और अल्जीरिया 3-3 से ड्रॉ के साथ नॉकाउट में पहुंचे

**कैनसस सिटी (अमेरिका).** सासा कलाज्जिक ने स्टॉपेज टाइम के आखिर में किये गये गोल की बदौलत ऑस्ट्रिया बनाम अल्जीरिया मुकाबला 3-3 से रोमांचक ड्रॉ पर समाप्त हुआ. इसी के साथ ग्रुप जे की इन दोनों टीमों राउंड ऑफ 32 में जगह बनी ली है. ऑस्ट्रिया ने 28वें मिनट में मार्को अर्नाटोविच के गोल से खाता खोला, लेकिन हाफ-टाइम के ठीक पहले रफीक बेलघाली ने एक शानदार मूव को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया. दूसरे हाफ में भी खेल की रफ़्तार तेज बनी रही. मार्सेल सबित्जर ने 55वें मिनट में ऑस्ट्रिया को फिर से बढ़त दिलाई, लेकिन पाँच मिनट बाद ही महरेज ने शानदार फिनिश के साथ स्कोर फिर से बराबर कर दिया. इसके बाद अल्जीरिया ने गेंद पर पूरा कब्जा कर लिया और मौके की तलाश में धैर्यपूर्वक खेलते रहे, जबकि ऑस्ट्रिया गेंद वापस पाने के लिए संघर्ष करता रहा. उनके दबाव का फ़ायदा स्टॉपेज टाइम के तीसरे मिनट में मिला, जब हौसेम औआर ने महरेज को एक सटीक पास देकर डिफेंस को भेद दिया, महरेज ने शांति से अपना दूसरा गोल करके स्कोर 3-2 कर दिया. इस गोल से अल्जीरिया की जीत और तीनों पॉइंट पक्के लग रहे थे, और ऐसा लग रहा था कि वे ग्रुप जे में रनर-अप के तौर पर नॉकआउट स्टेज में पहुंच जाएंगे. ऑस्ट्रिया के पास एक आखिरी जवाब बाकी था. कोच राल्फ रंगनिक ने 6 फीट 7 इंच लंबे कलाज्जिक को हमले के लिए मैदान पर उतारा, और सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी ने तुरंत असर दिखाया. माइकल ग्रेगोरिट्श ने पेनल्टी एरिया में एक बढ़िया क्रॉस डाला, जहाँ कलाज्जिक ने सबसे ऊँची छलांग लगाकर 90 6वें मिनट में हेडर से गोल कर दिया, जिससे ऑस्ट्रियाई खिलाड़ियों और समर्थकों में ज़बरदस्त जश्न का माहौल बन गया.



## इंग्लैंड ने पनामा को 2-0 से हराया



**ईस्ट रदरफोर्ड.** इंग्लैंड ने जुड बेलिंगम और हैरी केन के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से मजबूत पनामा को 2-0 से हराया. इस जीत के साथ इंग्लैंड ग्रुप एल में शीर्ष पर रहा और फीफा विश्व कप के राउंड ऑफ़ 32 में सेनेगल के खिलाफ अपना मुकाबला पक्का किया. रविवार को खचाखच भरे मेटलाइफ स्टेडियम में थॉमस ट्यूशेल की टीम ने शुरुआत से ही गेंद पर कब्ज़ा बनाए रखा, लेकिन अनुशासित पनामा रक्षापंक्ति को भेदने में उन्हें संघर्ष करना पड़ा, 'थ्री लायंस' (इंग्लैंड टीम) को एक घंटे से ज़्यादा समय तक परेशान किया. इंग्लैंड ने शुरुआती दौर में कई मौके बनाए, लेकिन पनामा ने संगठित खेल दिखाया और हाफ-टाइम तक स्कोर बराबर रखा. आखिरकार 62वें मिनट में सफलता मिली जब बुकायो साका के कॉर्नर पर बेलिंगम को पेनल्टी एरिया के अंदर गेंद मिली. मिडफील्डर ने गेंद को कंट्रोल किया और फिर बाएं पैर से शॉट मारकर नेट में गोल किया. यह टूर्नामेंट में उनका दूसरा गोल था और इससे इंग्लैंड की बढ़ती निराशा कुछ कम हुई. इसके ठीक पांच मिनट बाद कप्तान केन ने इंग्लैंड की बढ़त को दोगुना कर दिया. इस मूव में भी बेलिंगम अहम भूमिका में थे; उन्होंने बॉक्स में शानदार पास दिया जिस पर केन ने बेहतरीन हेडर लगाया. गेंद गोलकीपर ऑरलैंडो मोस्केरा को छकाते हुए नेट में चली गई और इंग्लैंड की जीत लगभग पक्की हो गई. दो गोल से पिछड़ने के बावजूद पनामा ने हमले जारी रखे और इंग्लैंड के लिए मुश्किलें खड़ी कीं. एडुआर्डो गुरेरो, इस्माइल डियाज़ और जोस फजार्डो ने खतरे पैदा किए. फजार्डो को लगा कि उन्होंने स्टॉपेज टाइम में गोल कर दिया है, जब वे तेज़ी से आगे बढ़े और टॉप कॉर्नर में शॉट मारा. हालांकि, असिस्टेंट रेफरी ने ऑफसाइड का झंडा उठा दिया और रिप्ले में भी इस बेहद करीबी फैसले की पुष्टि हुई. मैच के आखिरी पलों में इंग्लैंड अपनी बढ़त और बढ़ाने के करीब भी पहुंचा. नोनी माडुके गोल के करीब पहुंचने के बाद मोस्केरा से शानदार बचाव कराने पर मजबूर हुए, जबकि मार्कस रैशफोर्ड ने बैक पोस्ट पर एक सुनहरा मौका गंवा दिया.

## कोलंबिया ग्रुप विजेता, पुर्तगाल भी आगे



**मियामी.** कोलंबिया ने फीफा विश्व कप के ग्रुप चरण के अपने अंतिम मुकाबले में पुर्तगाल के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेलकर ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया. इस परिणाम के साथ कोलंबियाई टीम ने सात अंकों के साथ पहले स्थान पर रहते हुए नॉकआउट दौर में प्रवेश किया, जबकि पुर्तगाल पांच अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहकर अगले चरण के लिए क्वालिफाई करने में सफल रहा. मियामी स्टेडियम में खेले गए फीफा विश्व कप के ग्रुप मुकाबले में कोलंबिया और पुर्तगाल के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला. दोनों टीमों ने पूरे मैच में आक्रामक और अनुशासित खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन कोई भी टीम विपक्षी रक्षा पंक्ति को भेदने में सफल नहीं हो सकी.

## सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी

शनिवार को अर्जेंटीना के लिए लियोनेल मेसी के गोल करने के बाद, वर्ल्ड कप में अब तक सबसे ज़्यादा गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है:

19- लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना)
16- मिरोस्लाव क्लोज़ (जर्मनी), किलियन एम्बाप्पे (फ्रांस)
15- रोनाल्डो (ब्राज़ील)
14- गर्ड मुलर (जर्मनी)
13- जस्ट फोंटेन (फ्रांस)
12- पेले (ब्राज़ील)
11- जुर्गन क्लिंसमैन, सैंडोर कोक्सिस, हैरी केन (इंग्लैंड)



## वायट-डंकली की धमाकेदार जीत, इंग्लैंड आगे

### न्यूजीलैंड का मजबूत स्कोर भी बेअसर

**द ओवर, 28 जून. महिला टी-20 विश्वकप 2026 के 28वें मुकाबले में इंग्लैंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी. डेनियल वायट और सोफिया डंकली की नाबाद साझेदारी ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया और इंग्लैंड ने 16 गेंदें शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया.**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 163 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया. टीम की शुरुआत संतुलित रही, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से बड़ी साझेदारी नहीं बन सकी. कप्तान एमेलिया कर ने 42 रनों की सबसे बड़ी पारी खेली और पारी को संभालने की कोशिश की. उनके अलावा सोफी डिवाइन ने 30, इसाबेला गेज ने 28, ब्रूक हैलिडे ने 20 और सूजी बिट्स ने 19 रन बनाए. अंत में मैडी ग्रीन 17 रन बनाकर नाबाद रहीं और टीम को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया.

> इंग्लैंड की गेंदबाजी में डैनियल गिब्सन सबसे सफल रहीं, जिन्होंने 2 विकेट झटके. लॉरेन बेल और फ्रैया केम्प ने भी एक-एक विकेट लेकर न्यूजीलैंड की रनगति पर अंकुश लगाया. 164 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत थोड़ी झटके से हुई जब एमी जोन्स केवल 17 रन बनाकर चौथे ओवर में आउट हो गईं.

## सिनर की नजरें खिताब बचाने पर

### सेरेना विलियम्स की वापसी पर रहेंगी निगाहें

**लंदन, 28 जून टेनिस कैलेंडर का तीसरा ग्रैंड स्लैम विंबलडन 2026 सोमवार को लंदन के ऑल इंग्लैंड क्लब में शुरू होगा. पिछले महीने के फ्रेंच ओपन में आश्चर्यजनक रूप से दूसरे दौर से बाहर होने के बाद विश्व नंबर 1 और शीर्ष वरीयता प्राप्त जानिक सिनर अपने विंबलडन खिताब का बचाव करना चाहेंगे.**



सिनर ने पिछले साल फाइनल में प्रतिद्वंद्वी स्पेन के कार्लोस अल्काराज को चार सेटों में हराकर अपना पहला विंबलडन खिताब जीता था. सात बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज अपनी दाहिनी कलाई में चोट के कारण ग्रास-कोर्ट मेजर से हटने के बाद इस साल पुरुष एकल ड्रा का हिस्सा नहीं हैं. उन्होंने फ्रेंच ओपन भी छोड़ दिया था. टोक्यो 2020 के स्वर्ण पदक विजेता जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव पिछले महीने फ्रेंच ओपन - अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब - जीतने के बाद विंबलडन में उतरेंगे.



### जल्द ही भारत आऊंगा

**लंदन.** पूर्व नंबर एक और 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों के विजेता नोवाक जोकोविच जल्द ही भारत का दौरा करेंगे. विंबलडन 2026 के दौरान स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए नोवाक जोकोविच ने भारतीय स्टार विराट कोहली से मिलने के सवाल पर कहा, 'हम आमने-सामने तो नहीं मिले हैं, लेकिन हमने मैसेज पर बात की है. हम पिछले कुछ सालों से संपर्क में हैं,

## जंगू ने ऐतिहासिक टेस्ट शतक लगाकर गेल की बराबरी की

**एंटीगा, 28 जून वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज आमिर जंगू ने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में में रिकॉर्ड 233 की पारी खेलकर इतिहास रच दिया.**

दस दोहरे शतक के साथ वह ब्रायन लारा और क्रिस गेल के बाद श्रीलंका के खिलाफ़ टेस्ट दोहरा शतक लगाने वाले तीसरे कैरेबियाई बल्लेबाज बन गए. सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में इस 28 वर्षीय बल्लेबाज ने अपना पहला दोहरा शतक लगाकर शानदार अंदाज में यह उपलब्धि हासिल की. चौथे



नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए, जंगू ने 342 गेंदों में अपना दोहरा बनाया. उन्होंने सोनल दिनुशा की गेंद पर एक रन लेकर अपनी यादगार पारी पूरी की. यह पारी अनुशासन, धैर्य और नियंत्रित आक्रामकता का बेहतरीन उदाहरण थी.

## सुमित ने रोमानिया में दो साल का खिताबी सूखा किया खत्म

**टार्गु मुरेस (रोमानिया), 28 जून भारत के सुमित नागल ने शनिवार को रोमानिया के टार्गु मुरेस में खेले गए इंटारो ओपन 2026 के फ़ाइनल में फ्रांस के फेलिक्स बाल्शॉ को 6-3, 7-5 से हराकर अपना सातवां एटीपी चैलेंजर खिताब जीता और दो साल से चले आ रहे खिताबी सूखे को खत्म किया.**

जून 2024 में हीलब्रॉन नेकरकप जीतने के बाद यह नागल का पहला टेनिस खिताब था और क्ले कोर्ट पर उनका पांचवां खिताब था. यह खिताब भारतीय



टेनिस खिलाड़ी के लिए एक शानदार हफ़्ते का समापन भी था; उन्होंने ट्रॉफी तक पहुंचने के रास्ते में चार ज़्यादा रैंकिंग वाले विरोधियों (जिनमें तीन सीडेड खिलाड़ी शामिल थे) को हराया.

## एंसी सोजन ने लॉन्ग जंप में बनाया रिकॉर्ड

**भुवनेश्वर 28 जून नेशनल इंटर-स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में एंसी सोजन ने महिलाओं की लॉन्ग जंप में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया. यह रिकॉर्ड 22 साल से अंजू बॉबी जॉर्ज के नाम था.**

25 साल की इस भारतीय एथलीट ने शनिवार को हुए मुकाबले में 6.88 मीटर की जंप लगाकर अंजू के 6.83 मीटर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया. अंजू ने यह रिकॉर्ड एथेंस 2004 ओलंपिक में बनाया था. रिकॉर्ड तोड़ने वाली अपनी पांचवीं कोशिश से पहले ही, एंसी ने



अपनी पहली 6.73 मीटर की जंप के साथ ही एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) के एशियन गेम्स के लिए 6.48 मीटर के क्वालीफाइंग स्टैंडर्ड को पार कर लिया था.

> एंसी ने 2023 में हांगझोऊ में 6.63 मीटर की जंप लगाकर एशियन गेम्स सिल्वर मेडल जीता था. शैली सिंह 6.67 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि मुबस्सिना मोहम्मद 6.53 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं. दोनों ने एशियन गेम्स 2026 के क्वालीफाइंग स्टैंडर्ड को भी पार कर लिया. वहीं दूसरी ओर, पेरिस 2024 ओलंपियन सर्वेश कुशारे ने 2.31 मीटर की जंप लगाकर पुरुषों की हाई जंप का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा.

## अंडर-23 कोच और मैनेजर पर आजीवन प्रतिबंध लगाया

**शिलांग.** मेघालय क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने राज्य की अंडर-23 महिला क्रिकेट टीम के कोच और मैनेजर पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया है. मेघालय राज्य महिला आयोग ने उन्हें टीम की महिला खिलाड़ियों के यौन उत्पीड़न का दोषी पाया था. एमसीए के अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य जेम्स संगमा ने रविवार को यूनीवार्ता को बताया कि पूर्व हेड कोच हेमंत रॉय और पूर्व असिस्टेंट मैनेजर संजय मंडल को 27 जून से मेघालय में किसी भी तरह की क्रिकेट गतिविधियों से आजीवन निलंबित कर दिया गया है.

टी20 मुकाबला | बारिश के बीच रुक-रुक कर चला मुकाबला

## आयरलैंड ने दिया 155 रनों का लक्ष्य

**बेलफास्ट, 28 जून बेलफास्ट में खेले जा रहे भारत और आयरलैंड के बीच दूसरे टी20 मुकाबले में आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 154 रन बनाए और भारत को 155 रनों का लक्ष्य दिया.**

बारिश से प्रभावित इस मुकाबले में कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले, लेकिन आयरलैंड की ओर से हैरी टेक्टर ने जिम्मेदारी भरी पारी खेलते हुए 53 रन बनाए और टीम को सम्मानजनक स्कोर



तक पहुंचाया. उनके अलावा बेंजामिन क्लेटिज ने 37 रनों का योगदान दिया, जिससे चौथे विकेट के लिए दोनों के बीच 65 रनों की अहम साझेदारी हुई. इसी साझेदारी ने आयरलैंड की पारी को शुरुआती झटकों से उबारते हुए मुकाबले में वापसी कराई.

> भारतीय गेंदबाजी की बात करें तो डेब्यू कर रहे युवा गेंदबाज प्रिंस यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 3 विकेट चटकाए और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यादगार शुरुआत की. वहीं अर्शदीप सिंह और शिवम दुबे ने भी 2-2 विकेट हासिल किए. शिवम दुबे ने अपने स्पेल में लगातार दो गेंदों पर दो विकेट लेकर आयरलैंड को बड़ा झटका दिया था, हालांकि वह हैट्रिक पूरी नहीं कर सके.

## भारत ए-श्रीलंका ए मैच ड्रॉ रहा

**गॉल.** भारत ए और श्रीलंका ए के बीच चार दिवसीय गैर आधिकारिक टेस्ट रविवार को हार-जीत के फैसले के बिना ड्रा समाप्त हो गया. भारत ए ने अपनी पहली पारी छह विकेट पर 452 रन बनाकर घोषित की. भारत ए ने श्रीलंका को 330 रन पर समेट कर 122 रन की बढ़त हासिल की. भारत ए ने अपनी दूसरी पारी आठ विकेट पर 189 रन बनाकर घोषित की और श्रीलंका ए के सामने 312 रन का लक्ष्य रखा. श्रीलंका ए ने लक्ष्य का पीछा करते हुए दो विकेट पर 70 रन बनाये और मैच ड्रा समाप्त हो गया.

## बेल्जियम ने पुरुष हॉकी कोटा किया हासिल

**लंदन, 28 जून बेल्जियम की पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग चैंपियनशिप जीत कर लॉस एंजिल्स 28 ओलंपिक खेलों का कोटा हासिल कर लिया है.**

बेल्जियम ने शनिवार को खेले गये मुकाबले में नीदरलैंड्स को 2-1 से हराकर और एक मैच बाकी रहते हुए खिताब जीतकर ओलंपिक खेलों की मेजबान अमेरिका के साथ शामिल हो गई और उपलब्ध 12 कोटा में से एक हासिल कर लिया. इसी के साथ वह ओलंपिक में जगह पक्की करने वाली पहली पुरुष टीम बन गई. बेल्जियम दूसरी बार खिताब



जीता है. इससे पहले 2021 में उन्होंने यह चैंपियनशिप जीती थी.

बेल्जियम के लिए अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स और टॉम बून ने गोल किए. तीसरे क्वार्टर में टिज़मेन रेयेंगा ने नीदरलैंड्स के लिए एक गोल किया, लेकिन बेल्जियम की टीम ने अपनी बढ़त बनाए रखी. विसेंट वनाश को 'प्लेयर ऑफ़ द मैच' चुना गया. मैच के बाद वनाश ने कहा, 'हमने शुरू से आखिर तक कड़ी टक्कर दी. मुझे लगता है कि हम इस जीत के हकदार थे. यह हॉकी का शानदार मैच था. मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि इस पीढ़ी ने इतिहास में दूसरी ट्रॉफी जीती है.